उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 2

राजनीति

मथुरा में राष्ट्रीय हनुमान दल की समीक्षा बैठक संपन्न, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने की शिरकत।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र रावत के कार्यालय का किया उद्घाटन, 25 अक्टूबर को छठे स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण। मथुरा। राष्ट्रीय हनुमान दल की समीक्षा बैठक मथुरा में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने मुख्य रूप से शिरकत की। उनके मथुरा आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र रावत के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर संगठनात्मक कार्यों की जानकारी ली और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया गया।25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा छठा स्थापना दिवससमीक्षा बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आगामी 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय हनुमान दल के छठे स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

एक नज़र में

फरह के सनोरा गांव में आकाशीय बिजली का कहर, डेढ़ लाख की दुधारू भैंस की मौत।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल जनकल्याण समिति द्वारा किया गया प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान।

सनातन संस्कृति और महाभारत के अअनछुए पहलुओं को दर्शाती डॉक्यूमेंट्री ड्रामा फिल्म 'कुरुभूमि' का भव्य प्रीमियर।

विकास खंड बलदेव में आयोजित रालोद की बैठक में मौजूद रालोद जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह प्रमुख व टीम आरएलडी संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर एवं अन्य रालोद कार्यकर्ता।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

फरह के सनोरा गांव में आकाशीय बिजली का कहर, डेढ़ लाख की दुधारू भैंस की मौत।



10 से 12 लीटर प्रतिदिन दूध देने वाली भैंस की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई आर्थिक मदद की गुहार, डॉक्टर ने दिया आश्वासन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी आगे की कार्रवाई। संवाददाता हरिपाल सिंह फरह/मथुरा। फरह ब्लॉक के गांव सनोरा में सोमवार सुबह करीब 11 बजे आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। हादसे में भागीरथ पुत्र टीकाराम को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित के अनुसार, मृत भैंस की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी और वह प्रतिदिन लगभग 10 से 12 लीटर दूध देती थी। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

देश

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल जनकल्याण समिति द्वारा किया गया प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान।



संवाददाता खुशांत गुप्ता वृन्दावन। गोदा विहार मन्दिर में अग्रवाल जनकल्याण समिति द्वारा श्रीअग्रसेन भगवान की 5150 वीं जयंती पर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य धूमधाम एवं श्रद्धाभाव से पूजन किया गया और समाज के नगर स्तर पर उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा प्रतिष्ठित एवं विशिष्ट महानुभावों का सम्मान किया गया।समिति के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल बसेरा वाले और अध्यक्ष लक्ष्मण सर्राफ ने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा समाज सेवा और समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखना रहा है।

खेल

सनातन संस्कृति और महाभारत के अअनछुए पहलुओं को दर्शाती डॉक्यूमेंट्री ड्रामा फिल्म 'कुरुभूमि' का भव्य प्रीमियर।



संवाददाता खुशांत गुप्ता बेनेट यूनिवर्सिटी के युवा विद्यार्थियों ने शोध और रचनात्मकता के माध्यम से प्रस्तुत किया भारतीय इतिहास एवं सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम"यह संस्कारविहीन नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त जेन-Z है, जो अपनी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य कर रही है" — डॉ. अनिल वाजपेयीमथुरा। भारतीय इतिहास, सनातन संस्कृति और महाभारत के रोचक एवं महत्वपूर्ण तथ्यों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ड्रामा फिल्म 'कुरुभूमि' का भव्य प्रीमियर शो अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा के सभागार में आयोजित किया गया। बेनेट यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा अभिव्यक्ति प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित इस फिल्म के प्रीमियर में मथुरा के शिक्षा, कला, संस्कृति, मीडिया एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

राजनीति

विकास खंड बलदेव में आयोजित रालोद की बैठक में मौजूद रालोद जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह प्रमुख व टीम आरएलडी संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर एवं अन्य रालोद कार्यकर्ता।



संवाददाता खुशांत गुप्ता 12 अक्टूबर की स्वाभिमान सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए रालोद ने झोंकी ताकत, बलदेव ब्लॉक में हुई बैठकजैंगारा में आयोजित होगी विशाल स्वाभिमान सभा, केंद्रीय मंत्री चौ. जयंत सिंह होंगे मुख्य अतिथिबलदेव। राष्ट्रीय लोकदल की 12 अक्टूबर को आगरा जनपद की फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैंगारा में आयोजित होने वाली विशाल स्वाभिमान सभा की तैयारियों को लेकर बलदेव ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित की गई।